4 इ ि और ई ी

इ और ई की मात्राएँ

पठन से पूर्व — सबसे पहले स्वयं इ-ई का स्पष्ट उच्चारण करें एवं उनका उच्चारणगत अंतर बताएँ। फिर इ-ई का स्वतंत्र वर्ण के रूप में प्रयुक्त शब्दों का और बाद में उनकी मात्रा लगे शब्दों का स्वयं उच्चारण करें। बच्चों से उन सभी शब्दों का पहले समवेत रूप में अनुकरण वाचन करवाएँ। उसके बाद प्रत्येक बच्चे से अलग-अलग स्पष्ट उच्चारण करने को कहें।

चिड़िया, किताब, गिलास, साइकिल, हाथी, घड़ी, तितली, मछली आदि के चित्र या फ़्लैशकार्ड दिखाकर बच्चों से उनके नाम पूछें। प्रत्येक नाम सुनने के बाद उस शब्द को श्यामपट्ट पर बड़ा-बड़ा लिखें तथा बताएँ कि इ की मात्रा ि वर्ण से पहले लगाई जाती है और ई की मात्रा ी वर्ण के बाद; जैसे—किताब में इ की मात्रा ि क से पहले और हाथी में ई की मात्रा ी थ के बाद लगाई जाती है। इसी तरह श्यामपट्ट पर कुछ शब्द लिखकर इ-ई की मात्राओं की पहचान कराएँ।

इसके बाद पुस्तक में आए शब्द इत्र, इधर, इनाम, इलायची तथा ईख, ईद, ईसाई, दवाई आदि शब्दों को स्वयं क्रम से पढ़ें, उनके अर्थ बताएँ, फिर बच्चों से पढ़वाएँ। बाद में प्रत्येक चित्र को दिखाकर उसका नाम पूछें एवं उसका स्पष्ट उच्चारण करवाएँ। इ-ई के उच्चारणगत अंतर को समझाएँ।

स्वर

इ

इत्र

इधर

इनाम

इलायची

मात्रा

ि

किताब

चिड़िया

साइकिल

Scanned with CamScanner

पढ़ो और समझो Read and Understand

क	ग	स	म	र
कि	गि	सि	मि	रि

दिल	किला	नदिया	सितार
मिल	मिला	बगिया	गिटार
बिल	सिला	तकिया	रविवार
सिर	खिला	खटिया	परिवार

चिड़िया चहचहाई

दिन निकल आया।
चिड़िया चहचहाई।
वह सितार लाई, सितार बजाया।
हिरन आया, गिटार लाया।
सियार तबला लाया।
तबला बजा—तक–धिना–धिन।
सबने मिलकर तान लगाई।
कितना मज़ा आया भाई!

Scanned with CamScanner

अभ्यास

1. ज़ोर-ज़ोर से पढ़ो Read aloud :

हिरन

किरन

मिठाई

गिलास

किशमिश

2. चित्रों को उनके नाम से मिलाओ Match the pictures with their names :

Scanned with CamScanner

3. मात्रा लगाकर शब्द पूरे करो Complete the words with their vowel symbols (matras) :

किसान ···जराफ़ प··हया डा··कया

4. अपनी मनपसंद मिठाइयों में रंग भरो Colour your favourite sweets :



Scanned with CamScanner





हाथी

घड़ी



मछली

पढ़ो और समझो Read and Understand

क	च	ब	ल	ह
की	ची	बी	ली	ही

Scanned with CamScanner

चली	तीर	लीची	बकरी
गली	खीर	चीनी	मकड़ी
हाथी	हीरा	सीटी	मछली
साथी	खीरा	सीपी	तितली

लाल मछली



बड़ी-सी थी एक नदी
भीतर रहती लाल मछली।
वह तट तक आती
झट चली जाती।
सीपी निकालती
तट पर रखती।
कल-कल-कल-कल नदी बहती
मछली उछली, उछली मछली।
लाल मछली, चमचम सीपी
सबका मन ललचाती मछली।

Scanned with CamScanner

अभ्यास

1. ज़ोर-ज़ोर से पढ़ो Read aloud :

तिल	तीर	किला	कील
बिन	बीन	दिया	दीया
मिल	मील	पिला	पीला

2. चित्र देखो और 'ई' की मात्रा लगाकर शब्द पूरे करो—
Look at the pictures and complete the words with ई (ी) sound :

छड़ी¨	स¨¨ट¨	पप¨¨ता	पिचकार¨¨

3. चित्र के नाम पर (✓) लगाओ Tick (✓) the right name for the picture given below :

परी ☑	लड़ी ☐	घड़ी ☐
मकड़ी ☐	बकरी ☐	लकड़ी ☐
छाती ☐	साथी ☐	हाथी ☐



Scanned with CamScanner

4. गिनकर लिखो— इस चिड़िया के कितने बच्चे हैं Count and write the number of chicks :

5. रंग भरो Colour the butterfly :



Scanned with CamScanner